सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 579 वर्ष 43 रांँची, 30 अप्रैल, 2022



# माननीय कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने समीक्षा बैठक की




सी.सी.एल. एवं ईसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक करते माननीय केन्द्रीय संसदीय मामले, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी

विगत 28 अप्रैल को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में केन्द्रीय संसदीय मामले, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने सीसीएल एवं ईसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल, सीएमडी, सीसीएल, श्री पी. एम. प्रसाद, सीएमडी, ईसीएल, श्री ए.पी. पाण्डा एवं अन्य कोयला मंत्रालय के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने सीसीएल के पूरे टीम को बधाई देते हुये कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन एवं प्रेषण में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने संबोधन में देश के पावर प्लांटों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। श्री जोशी ने उत्पादन एवं प्रेषण बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उत्पादन के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि कोल इंडिया राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कंपनी में हर वह कदम उठाया जा रहा है जिससे पावर प्लांटों का स्टॉक और बेहतर हो सके।

इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने माननीय मंत्री महोदय का स्वागत करते हुये उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के विभिन्न गतिविधियों – कोयला उत्पादन, एमडीओ (माईन डेवलपर एंड ऑपरेटर) मोड संबंधित प्रोजेक्ट, भूमि अधिग्रहण, नये वाशरी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाओ और तब तक प्रयास करो जब तक वो लक्ष्य हासिल न हो जाये यही सफलता का मूल मंत्र है।

– स्वामी विवेकानंद

# सीसीएल का अभी तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन एवं प्रेषण




मीडिया को संबोधित करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

कोविड महामारी के कठिन दौर के बाद भी सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये वित्तीय वर्ष 2021–22 में कोयला उत्पादन 68.85 मिलियन टन किया जबकि कोयला प्रेषण 71.86 मिलियन टन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कोयला उत्पादन एवं कोयला प्रेषण में 10% की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2021–22 में विद्युत गृहों (पावर सेक्टर्स) को वित्तीय वर्ष 2020–21 की तुलना में 12% अधिक कोयले की आपूर्ति की गई। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में रेक लोडिंग में भी 4% की वृद्धि दर्ज की है।

कोविड काल के विषम परिस्थियों को पार करते हुए कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल किया है। देश में कोयले की कोई कमी न हो इसके लिए टीम सीसीएल के प्रत्येक सदस्य पूरी क्षमता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में भूमि के एवज में 899.10 करोड़ रूपये का मुआवजा का भुगतान किया। इसी तरह कैपिटल एक्सपेंडिचर 2000 करोड़ रूपये किया गया।

सीसीएल ने अपने कमांड क्षेत्रों में 133 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण किया जो कि दिये गये लक्ष्य यानि 110 हेक्टेयर से अधिक था।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि माननीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन एवं कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में सीसीएल निरंतर नई उंचाईयों को प्राप्त कर रहा है। श्री प्रसाद ने राज्य सरकार एवं स्थानीय जिला प्रशासन का भी निरंतर सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। साथ–साथ श्री प्रसाद ने श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कंपनी के सभी स्टेकहोल्डर्स एवं ग्रामीणों को भी धन्यवाद दिया।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल झारखंड राज्य के आठ जिलों में खनन गतिविधियाँ संचालित करती है और अपने सभी कमांड क्षेत्रों में सीएसआर योजना के अंतर्गत अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन भी करती है। इस वर्ष भी कंपनी ने रामगढ़ में एक सामुदायिक रसोई स्थापित करने के लिए अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो झारखंड के सरकारी स्कूलों के लगभग 50,000 छात्रों को मध्याह्न भोजन प्रदान करेगा।

# सीसीएल मुख्यालय में संवाद सत्र का आयोजन किया गया



अधिकारियों के साथ संवाद करते निदेशक (कार्मिक) श्री पी. वी. के. आर. मल्लिकार्जुन राव एवं अन्य वरीय अधिकारीगण

विगत 05 अप्रैल को सीसीएल मुख्यालय रांची स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी. के.आर. मल्लिकार्जुन राव ने अपने युवा अधिकारियों से सीधा संवाद किया। विगत दो वर्ष कोविड–19 का कठिन दौर रहा जिसमें वर्चुअल मोड में ही बैठक का आयोजन किया जाता था। संवाद सत्र में सीवीओ, सीसीएल श्री एस.के. सिन्हा सहित क्षेत्रों में कार्यरत कार्मिक युवा अधिकारियों एवं सीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। संवाद सत्र (Interactive Session) का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य था कि कार्मिक विभाग कंपनी का उत्पादन एवं कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वयन करने में कैसे सहयोग करें और कंपनी कोयला उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त कर सके।

निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव ने सभी अधिकारियों से सीधे संवाद किया और उनको आउट ऑफ बॉक्स (Out Of Box) पर मंथन करने के लिए कहा और उनके बहुमूल्य सुझाव को क्रियान्वयन करने का आश्वासन दिया। श्री राव ने कहा कि कोल इंडिया ने वर्तमान में एसएपी (SAP) सिस्टम को लागू किया है जो तकनीकी रूप से बहुत ही अच्छा बदलाव है। इस नये तकनीक से सीसीएल में कर्मियों में दक्षता के साथ–साथ स्टेकहोल्डर्स के कार्यो में भी और सुगमता, सरलता एवं पारदर्शिता के साथ निष्पादन हो सकेगा। उन्होंने सत्र में टर्मिनल बेनिफिट, सर्विस फाईल एंड अपडेशन, अर्लि रिटायरमेंट स्कीम (ईआरएस) आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा किया।

महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष सहित युवा अधिकारियों ने संवाद सत्र के दौरान अपना–अपना विचार रखा और ईलर्निंग, कानून संबंधी पोर्टल आदि को अपनाने के लिए निदेशक (कार्मिक) से आग्रह किया।

स्वागत भाषण महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) श्री उमेश सिंह जबकि धन्यवाद ज्ञापन निदेशक (कार्मिक) के तकनीकी सचिव/महाप्रबंधक (विधि) श्री पार्थो भट्टाचार्जी ने किया।

> "जब तक जीवन है, सीखते रहो क्यूँकि अनुभव ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।"
> – स्वामी विवेकानंद

# सीसीएल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 'संवाद सत्र' का आयोजन




'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर संवाद सत्र में चिकित्सकों के साथ संवाद सत्र की अध्यक्षता करते निदेशक (कार्मिक) श्री पी. वी. के. आर. मल्लिकार्जुन राव

विगत 07 अप्रैल को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय, रांची में 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर 'संवाद सत्र' का आयोजन निदेशक (कार्मिक), सीसीएल श्री पी.वी.के.आर मल्लिकार्जुना राव की अध्यक्षता में किया गया। 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य' के विषय पर आयोजित संवाद सत्र में सीएमएस सीसीएल, डॉ डी.के.एल. चौहान, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर के सीएमएस, डॉ. रत्नेश जैन एवं उनकी टीम, केन्द्रीय अस्पताल, रामगढ़ के सीएमएस, डॉ वी.के. सिंह एवं उनकी टीम, डॉ मीता पॉल सहित सीसीएल के चिकित्सकों ने भाग लिया। सत्र के दौरान कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर मल्लिकार्जुना राव ने कहा कि चिकित्साकर्मियों ने जिस तरह से कोविड–19 के कठिन समय में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उसकी जितनी भी प्रशंसा किया जाय कम है। समाज उनके योगदानों को कभी भी भूल नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल का मुख्य उद्देश्य अपने कर्मियों सहित आमजन का स्वास्थ्य के स्तर को उंचा उठाना है और इसके लिए उनको जागरूक करने के साथ–साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है।

निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि प्रिवेंटीव मेडिसिन, टेली मेडिसिन एवं चिकित्सकों को प्रशिक्षण के लिए भी कंपनी प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में उपस्थित सीसीएल के चिकित्सकों ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए। एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा की बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने पर चर्चा की गई।

"जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे
खुद को निर्बल मानोगे तो निर्बल
और सबल मानोगे तो
सबल बन जाओगे।"

– स्वामी विवेकानंद

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई




सेवानिवृत्त कर्मियों के भावभीनी विदाई समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री/श्रीमती किशोरी लकड़ा, कार्यालय अधीक्षक, ग्रेड 'ए', एनआईएमसी विभाग; रीता मिश्रा, लाईब्रेरियन, ग्रेड 'सी', जनसम्पर्क विभाग; राजकुमार बाल्मीकी, ईलेक्ट्रीशियन, ई.एण्ड.एम. विभाग को 30 अप्रैल को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में ''सम्मान समारोह'' का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से अप्रैल माह में 59 कर्मी सेवानिवृत हुये जिन्हें सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय रांची में आयोजित सम्मान समारोह में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुये कहा कि ''आपने अपने परिश्रम से कंपनी को जिस मुकाम पर पहुंचाया है वह प्रशसंनीय हैं। उन्होंने कहा कि आपके अनुभव एवं आपके द्वारा कार्यक्षेत्र में किये गये योगदान हम सभी के लिए अनुकरणीय है।'' उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना किया।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एस.के. गोमस्ता ने कहा कि यह अंतिम दिन हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है जब कंपनी के अनुभवी एवं अमूल्य रत्न हमें छोड़कर सेवानिवृत हो जाते हैं। हमें काफी अच्छा लग रहा है कि हर व्यक्ति अपने विचार प्रगट करते समय संतुष्ट दिखें। श्री गोमास्ता ने कहा कि आप जिस सीसीएल परिवार को आपने अपनी मेहनत और लगन से सींचा है हम उसे और बेहतर ढंग से आगे बढ़ायेंगे और कंपनी को नये आयाम एवं उंचाईयों तक पहुंचायेंगे।

निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि ''आप जहाँ भी रहे स्वस्थ्य रहे और अपने परिवार एवं समाजिक कार्यो में अधिक से अधिक समय व्यतित करें। सीसीएल परिवार आप के साथ सदैव है।''

अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने अपने विचार रखे, साथ ही कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की तथा कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। अवसर विशेष पर सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये सेवानिवृत्त कर्मियों को रिटायरमेंट बेनिफिट भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन सोशल डिस्टेशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय ने किया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

**चिंतन करो, चिंता नहीं नये विचारों को जन्म दो।**
**– स्वामी विवेकानंद**

# सोशल मीडिया में सीसीएल

Tweet

Central Coalfields Limited
@CCLRanchi

CCL on a record breaking spree..
#TeamCCL scripts history with highest ever coal production and dispatch of 68.85 MT and 71.86 MT respectively in a financial year. The company attained an unprecedented 10% growth in coal production and dispatch in the #FY22.
#AatmaNirbharBharat




Office of Pralhad Joshi and 5 others

Tweet

Central Coalfields Limited
@CCLRanchi

#TeamCCL organised a yoga session as a part of Yogotsav countdown program (#67DaysToGo) of #InternationalYogaDay22
CMD, CCL and the employees with their families participated in the program and practiced Common Yoga Protocol under the guidance of a professional yoga instructor.



Coal India Limited and 3 others

1:33 PM · 15/04/22 · Twitter Web App

11:11
◂ Search
4G

Tweet

Central Coalfields Limited
@CCLRanchi

#TeamCCL pays tribute to the architect of Indian constitution, Bharat Ratna Dr. Bhimrao Ambedkar on his birth anniversary.
#टीमसीसीएल भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनके जयंति के अवसर पर हार्दिक नमन करता है।
#AmbedkarJayanti2022



Pralhad Joshi and 4 others

12:23 PM · 14/04/22 · Twitter Web App

Central Coalfields Limi... · 08/04/22

#TeamCCL scripted history with a record breaking performance in #FY22.
Company attained the highest ever coal production, coal dispatch, Capex, and production through Surface Miners in a financial year. Committed to fulfilling energy aspirations of the nation
#AatmaNirbharBharat




सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)